भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या †1052**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**खेलो इंडिया/युवा खेल कार्यक्रम के लिए लंबित प्रस्ताव**

**†1052. श्री अमरा राम:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्र सरकार को खेलो इंडिया और युवा एवं खेल कार्यक्रमों के लिए राजस्थान राज्य सरकार से कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) केन्द्र सरकार द्वारा उक्त राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों में से कितने प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है तथा कितने प्रस्ताव अभी भी लंबित हैं; और

(ग) उक्त शेष प्रस्तावों को कब तक अनुमोदित किए जाने की संभावना है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ग): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश भर में खेल अवसंरचना के विकास सहित खेल के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों का है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। इस मंत्रालय की स्कीमों के अंतर्गत पात्र संस्थाओं से प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों और अन्य पात्र संस्थाओं से प्राप्त प्रस्तावों पर इन स्कीमों के अंतर्गत उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और धन की उपलब्धता के अधीन वित्तीय सहायता के लिए विचार किया जाता है। राजस्थान राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं, उनकी स्वीकृत लागत, जारी धनराशि और उनकी भौतिक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, राजस्थान राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत उनके वित्तीय विवरण सहित खेलो इंडिया केंद्रों और मान्यताप्राप्त अकादमियों का राज्य-वार विवरण https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर उपलब्ध है।

******